**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**30.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**मुख्यमंत्री–चंबा दौरा**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज चंबा जिले के भरमौर इलाके का हवाई सर्वेक्षण किया। खराब मौसम के कारण मुख्यमंत्री का हैलीकॉप्टर भरमौर में नहीं उतर पाया। उन्होंने चंबा में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने बताया कि अनेक स्थानों पर फंसे मणिमहेश यात्रियों को हैलीकॉप्टर के माध्यम से निकाला जा रहा है और पर्याप्त मात्रा में सामग्री भरमौर पहुंचाई जा रही है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि मणिमहेश यात्रियों को चंबा तक पहुंचाना एक चुनौती है और पूरा प्रशासन इन यात्रियों की सुरक्षा में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि धार्मिक छड़ी यात्रा को लेकर प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में हो रही प्राकृतिक आपदाओं के लिए ग्लोबल वॉर्मिंग को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि भविष्य में विधानसभा के मॉनसून सत्र की तिथियों में बदलाव को लेकर विधानसभा अध्यक्ष के साथ बातचीत की जाएगी, ताकि बरसात के समय आपदा से निपटने के लिए सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी फील्ड में मौजूद रह सकें।

---

**मौसम**

प्रदेश के अनेक स्थानों पर पिछले 24 घंटों में भारी वर्षा हुई है। मंडी जिले में गोहर उपमंडल के कटवाढी गांव में बीती रात बादल फटने से नसेंणी नाले में बाढ़ आ गई जिससे भारी तबाही हुई है। कई दुकानों में मलवा घुसने से लाखों रूपए का नुकसान हुआ है, जबकि एक गाड़ी भी पानी के तेज बहाव में बह गई। इसके अलावा कट स्टोन इंडस्ट्री भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। कुल्लू, बंजार और मनाली सहित चंबा उपमंडल में आज भी सभी शिक्षण संस्थानों में अवकाश घोषित किया गया है। उधर चंबा जिले में भी बारिश ने भारी तबाही मचाई है और राहत व बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

***अभी भी जिला के करीब 300 सड़क मार्ग अवरुद्ध हैं। जबकि 400 के करीब बिजली के ट्रांसफार्मर ठप्प हैं और 150 के करीब पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं। वहीं मणीमहेश यात्रा के लिए रेस्क्यू अभियान तेज गति से अंजाम दिया जा रहा है। कल देर रात तक कलसुंई से चम्बा तक करीब 4 हजार यात्रियों को सुरक्षित पहुंचा दिया गया था जिन्हें आगे पठानकोट के लिए भेजा गया लेकिन पठानकोट एन एच पर बनीखेत के सपीम भूस्खलन होने से सड़क मार्ग अवरुद्ध हुआ है जिस कारण ये मणिमहेश यात्री वहीं रुके है। उनके खाने व रहने का प्रशासन द्वारा इंतजाम किया गया है।***

इस बीच मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि कल 31 अगस्त तक कई जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

---

**सिकंदर कुमार**

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि प्रदेश में आपदा के लिए केंद्र सरकार भरपूर आर्थिक मदद दे रही है और उन्होंने संसद में प्रदेशहित के मुद्दों को प्रमुखता से रखा है। सिकंदर कुमार ने सोलन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पहली किश्त के रूप में प्रदेश को आपदा राहत के लिए 4 सौ करोड़ रूपए की राशि दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आई आपदा का मुद्दा हिमाचल के सभी लोकसभा व राज्यसभा सांसदों ने प्रमुखता से केंद्र सरकार से उठाया है।

----------------------------------------------------------------